## ।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग,गोपेश्वर।।

Email-dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone no- 01372–252175

पत्रांक 2239 / 12–1 , गोपेश्वर, दिनांक 14/12 2017।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
थराली।

विषयः– जनपद चमोली के अन्तर्गत सरकोट–देवसारी मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में ।

संदर्भः– आपका पत्रांक 2148 / 36 सी दिनांक 01.12.2017

महोदय,

उपरोक्त विषयक के क्रम मे अवगत कराना है कि आप द्वारा संदर्भित पत्र से सरकोट देवसारी मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में लगी आपत्तियों का निराकरण करते हुये आवश्यक कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, किन्तु आप द्वारा आपत्तियों से सम्बन्धित प्रपत्रों की हार्ड कापी संलग्न कर इस कार्यालय को प्रेषित नहीं की गई है।

अतः उक्त आपत्तियों से सम्बन्धित प्रपत्रों की हार्ड कापी संलग्नकों सहित छायाप्रति प्रतिहस्ताक्षरित करते हुए तीन प्रतियों में इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें, ताकि उक्त प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सकें।

भवदीय,

(एन0एन0पाण्डेय)
प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर